दिनांक 4 फरवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई शहर के डेवलपमेंट व शहर व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त रोहित व्यास ने ली अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक, चौपाटी, किड्स जोन, वेंडिंग जोन सहित सौंदर्यीकरण को लेकर दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने भिलाई शहर के डेवलपमेंट को लेकर महत्वपूर्ण बैठक अधिकारियों की ली। जिसमें अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त रमाकांत साहू, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरें, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले व खिरोद्र भोई, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की प्रभारी अधिकारी प्रीति सिंह, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सहायक अभियंता विनीता वर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे, स्टेनो टू आयुक्त पुरुषोत्तम साहू सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। वेंडिंग जोन को लेकर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस काम को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र अति शीघ्र इसे पूर्ण करें। सेमरिया के खाली पड़े बड़े भूखंड पर गौठान विकास को लेकर संयुक्त कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसकी रिपोर्टिंग भी जोन आयुक्त करेंगे। ठेले और गुमटियों को व्यवस्थित करने हो विशेष कार्य ठेले और गुमटियों को व्यवस्थित करने विशेष पहल करे। खासकर ऐसे एरिया से जहां पर ज्यादा आवागमन होता है और ट्रैफिक समस्या अधिक होती है। जोन वाइस कितने ठेले अभी वर्तमान में है इस पर सर्वे कर इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। कॉलोनाइजर्स द्वारा कॉलोनी में दी जाने वाली सुविधाओं की होगी जांच कॉलोनियों का निरीक्षण किया जायेगा तथा शर्तो के मुताबिक कॉलोनाइजर्स रहवासियों को सुविधाएं दे रहे हैं या नहीं इसकी जानकारी ली जाएगी। कॉलोनियों में पर्याप्त सुविधा मिले इस पर फोकस किया जाएगा। इसके लिए कॉलोनी के एसोसिएशन तथा रहवासियों से फीडबैक लिया जायेगा। जहां कहीं असुविधा मिलेगी ऐसे कॉलोनियों में कॉलोनाइजर्स एक्ट के तहत कार्रवाई भी होगी। सोसाइटी में सार्वजनिक रूप से मिलने वाली सुविधा रहवासियों को प्राप्त हो रही है या नहीं इसकी भी जानकारी ली जाएगी तथा पार्क के संचालन/संधारण आदि की ।